## खबर संक्षेप

### नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये विलंब शुल्क की अंतिम तिथि 24 दिसंबर

**छिन्दवाड़ा।** आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के पत्र 07 नवंबर 2025 एवं संचालनालय भोपाल द्वारा आयोजित व्हीसी 04 दिसंबर 2025 में दिये निर्देशानुसार समस्त अशासकीय हाईस्कूल/हायरसेकेंडरी विद्यालयों के वर्ष 2026- 2027 के लिये मान्यता नवीन, नवीनीकरण, विषय वृद्धि, पता परिवर्तन संबंधी मान्यता प्रकरणों का ऑनलाइन आवेदन मान्यता पोर्टल https://manyta.dpimp.in में 15 दिसंबर 2025 तक अनिवार्यतः स्कूल मान्यता के लिये आवेदन किया जाना है। विलंब शुल्क सहित आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। मान्यता संबंधी प्रकरणों के ऑनलाइन आवेदन करने के लिये छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत संचालित सभी अशासकीय विद्यालयों को बार-बार सूचित किया जा चुका है।

### छात्र-छात्राओं ने किया जैविक हॉट बाजार का भ्रमण

**छिन्दवाड़ा।** गुरैया सब्जी मंडी परिसर में गत दिवस साप्ताहिक जैविक प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उद्यानिकी महाविद्यालय की राहे छात्राएं एवं प्रथम वर्ष के छात्रों ने वैज्ञानिक डॉ. गौरव महाजन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन में भ्रमण किया। उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार प्रत्येक शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से गुरैया सब्जी मंडी में आयोजित किया जाएगा। इससे जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा शहरवासियों को शुद्ध अनाज, सब्जियां एवं फल एक स्थान पर नियमित रूप से उपलब्ध हो सकेंगे। इस बाजार में जैविक दालें, कच्ची घानी का तेल, जैविक हल्दी, शुद्ध प्राकृतिक घी, शहद, मशरूम, चिया सीड्स, वन उपज वर्मी कंपोस्ट, जीवामृत, जैविक ज्वार, बाजरा, मक्का एवं विभिन्न जैविक कीटनाशक शामिल थे। साथ ही नरसिंहपुर जिले से आए किसानों के जैविक गुड एवं तुअर दाल की काफी अच्छी बिक्री हुई।

## पांढुर्णा पुलिस ने चलाया सघन रात्रि कॉम्बिंग ऑपरेशन अभियान

# 11 वारंटियों की गिरफ्तारी, सौंसर में जुआ खेलते 12 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

गत दिवस की मध्य रात्रि 12 बजे से प्रातः 05:00 बजे तक पांढुर्णा जिले में वारंटियों एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु रात्रि कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नीरज सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पांढुर्णा–सौंसर श्री ब्रजेश भार्गव एवं श्रीमती प्रियंका पांडे के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा एवं कानूनी प्रक्रिया का पूरा ध्यान रखा गया तथा आकस्मिक व्यवस्था हेतु अस्पतालों से भी लायजनिंग रखी गई। कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की तामीली एवं गिरफ्तारी हेतु औचक रात्रि कार्रवाई की गई।

### अभियान की मुख्य उपलब्धियां

जिले के सभी अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहे। 08 गिरफ्तारी वारंटियों एवं 03 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।04 जिला बदर आरोपियों को चैक किया गया।21 गुण्डा बदमाशों एवं 11 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। जिले की 11 कबाड़ी दुकानों की जांच की गई। जेल से रिहा आरोपियों की चेकिंग की गई।

**सौंसर पुलिस की बड़ी कार्यवाही :** 12 जुआरियों से 20,500 रुपये जप्त - जिला पांढुर्णा अन्तर्गत थाना सौसर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नीरज सोनी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सौसर के निर्देशों के पालन में श्रीमती प्रियंका पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सौसर निरीक्षक रूपलाल उइके एवं पुलिस टीम द्वारा विगत रात्रि जुआ रेड कार्यवाही की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर शेखर रेकवार के घर के पीछे, वार्ड नं. 08 सौसर में ताश के पत्तों पर रुपयों का दाव लगाकर हार–जीत का खेल खेल रहे 12 जुआरियों को दबिश देकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा जुआरियों से कुल नगदी 20,500 रुपये एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए तथा सभी के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### अवैध जुआ एक्ट कार्यवाही के आरोपी

शेखर पिता भागवत राव पखाले, उम्र 44 वर्ष, निवासी वार्ड नं.02 सौसर,गणेश पिता जयदेव हेडाऊ, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर,शिवा पिता लखन कुरोठे, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं.04 सौसर, शिवलाल पिता नत्थुलाल सिगनदीपे, उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड नं.04 सौसर, पवन पिता पुरुषोत्तम गुर्वे, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर, रूपेश पिता सुधाकर सहारे, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर,राजा पिता मुरलीधर धकाते, उम्र 29 वर्ष, निवासी वार्ड नं.04 गलफेड चौक सौंसर, जयराज पिता रवि नंदना हेडाऊ, उम्र 36 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर, सुरेन्द्र पिता युवराज नागोसे, उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर,संजय पिता चन्द्रभान बोकडे, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड नं.08 सौसर,शुभम पिता कमल बेण्डे, उम्र 29 वर्ष, निवासी वार्ड नं.03 सीसर,अभिषेक पिता सुभाष हेडाऊ, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड नं.04 सौंसर।

**पुलिस टीम में:** निरीक्षक श्री रूपलाल उइके (थाना प्रभारी सौंसर) के नेतृत्व में उ.नि. श्री रवि वट्टी, उ.नि. श्री प्रहलाद बैरागी, स.उ.नि. श्री प्रमोद डोंगरे, स.उ.नि. श्री ओमप्रकाश ठाकुर, प्र.आर. 266 श्री रमन उइके, आरक्षक 473 श्री मनीष टेमरे, आरक्षक 126 श्री नाथूराम कंगाली, आरक्षक 964 श्री रवि तेकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पांढुर्णा पुलिस द्वारा की गई इन कार्रवाइयों से जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने का स्पष्ट संदेश गया है।

### सीईओ ने भेजा वसूली का प्रस्ताव

## सरपंच-सचिव ने सार्वजनिक शौचालय के 3 लाख 8 हजार रू. किए गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी ने लांघा सरपंच वनीता पराडकर, इनके पति और उपसरपंच गणपति पराडकर तथा सचिव सुधाकर उईके से शौचालय निर्माण के नाम पर गबन किए गए 3 लाख 8 हजार रू. की वसूली किए जाने बाबत जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत सीईओ को प्रेषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लांघा ग्राम में पिछले 4 बरसों से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अधूरा पडा है। पंचायत के पूर्व सरपंच अनील राउत और कुछ पंचों द्वारा शिकायत की गई थी कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण की पूरी राशि बिल प्रस्तुत कर आहत कर ली गई है।

पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा इस प्रकरण की जांच की गई तो सारे आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी पाया गया कि सरपंच और पसरपंच ने नल जली योजना, शौचालय निर्माण, राजस्व वसूली और स्टेशनरी खरीदी में भी धांधली की है। जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी ने इस मामले में जांच प्रतिवेदन बनाकर सरपंच, उपसरपंच एवं सचिव से राशि वसूली किए जाने का प्रस्ताव जिला पंचायत सीईओ को प्रेषित किया है।

## वैकल्पिक मार्ग रेलवे पुलिया के नीचे डलवाई बारिक गिट्टी



**परासिया :-** परासिया - तामिया मार्ग बंद होने के बाद बनाए गए वैकल्पिक मार्ग मैगजीन लाइन - टू - वेयरहाउस में स्तिथ रेलवे पुलिया के नीचे नपा परासिया के द्वारा बारिक गिट्टी डलवाई गई। यह कार्य सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति में सफाई दरोगा सलीम खान और उनकी टीम ने किया, ताकि लोगों को पुलिया के नीचे बने गड्ढों और मैले - कुचेले पानी से दो - चार न होना पड़े। बता दें, कि परासिया - तामिया मार्ग ब्रिज निर्माण कार्य के लिए अप्रैल माह तक के लिए बंद कर दिया गया है और रेलवे द्वारा रिंक टाकीज - से - साईं मंदिर जामई रोड और मैगजीन लाइन से वेयरहाउस दो वैकल्पिक मार्ग लोगों के आने - जाने के लिए बनाएं गए हैं, लेकिन दोनों ही मार्ग सुगम आवागमन के लिए ठीक नहीं है। मैगजीन लाइन वाला मार्ग थोड़ा करीब पड़ता है, इसलिए ज्यादातर लोग परासिया आने के लिए इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, पर इस मार्ग पर एक छोटा रेलवे पुल है, जिसके नीचे मल - मूत्र आदि युक्त पानी भरा रहता है और गड्ढे भी हैं। यहां से आने जाने के दौरान बाइक सवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग यहां गिर कर घायल हो रहे हैं। नाले का गन्दा पानी भी लोगों के कपड़ों में लग रहा है। इसी समस्या से निजात दिलाने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए बारिक गिट्टी (जीरा) डाल कर गड्ढे भरे गए और पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन अब बारी गिट्टी में वाहनों के टायर फंस रहे हैं। गाड़िया अनियंत्रित हो रही है। सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि फिलहाल पानी निकासी और गड्ढे भरे गए हैं। इंजीनियर आ जाए तो इस मार्ग को और सुगम बनाने हेतु योजना बनाई जाएगी। भट्टी मोहल्ला रोड पर भी जहां गड्ढे हैं उन्हें भरवाया जाएगा। यह भी देखने में आया है, कि बाजार के दिन भट्टी मोहल्ला रोड के दोनों ओर दुकानें लगने से मार्ग सकरा हो जाता है, जिससे यहां भी जाम लग रहा है, यहां लगने वाली सब्जी आदि की दुकानें कहीं और लगवाया जाएगा।

## महिलाओं को सेहत के साथ मिलेगा स्वरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



समाजसेवी राजेन्द्र शर्मा की प्रेरणा और पिंडरई कला गांव के विभिन्न स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओ की लगन ने रविवार वाशरी तिराहे पर वन भोज रसोई खोल कर उन हजारों हजार लोगों का मन मोह लिया है जो देश के परम्परागत अन्नोपज ज्वार मक्का बाजरा कोदो कुटकी से बने लज़ीज पकवानों का आनंद तो लेना चाहते थे लेकिन उनके पास इन्हें तैयार करने का ना तो समय था और लकड़ी चूल्हे मिट्टी की हांडी ,खपरी (तवा) जैसे संसाधन थे । श्री अन्न से बनेइन पकवानों का जायका लेने की बरसों पुरानी साध आज इन सबके प्रयासों से पूरी हुई । पिंडरई कला पंचायत की सरपंच रामरती शीलू ने रसोई स्थल पर पहुँचकर अपने पंचायत क्षेत्र के गांव पाढरवन ग्राम गांव की रवीना मौसी ,भगवती जिन्दू जयवंती लोबो और आरती मौसी का उत्साह वर्धन कियसरपंच रामरती शीलू ने गांव की महिलाओं खास तौर पर शिक्षित रवीना मौसी का जिक्र करते हुए कहा कि गांव की बेटियों के ऐसे प्रयासों से स्वरोजगार के नए अवसर बनेंगे ।

## पहली बार 50 ब्राह्मण शंखनाद करके करेंगे क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में सक्रिय प्रतिष्ठित सेवा संस्कार समिति रॉयल क्लब द्वारा रॉयल कप 2025 लेदर बॉल टी-20 चैंपियनशिप का भव्य आयोजन 15 दिसम्बर 2025 (सोमवार) से किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ दोपहर 11:30 बजे से होगा। उद्घाटन अवसर पर सनातन के ध्वजवाहक 50 ब्राह्मण गुरुओं द्वारा एक साथ शंखनाद किया जाएगा। कार्यक्रम में रॉयल क्लब अध्यक्ष गुरजीत शंटी बेदी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। परंपरा अनुसार राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन मैच का आरंभ होगा। टूर्नामेंट में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा की 32 टीमें भाग लेंगी। टी-20 व्हाइट लेदर बॉल, नॉकआउट टूर्नामेंट में विजेता को 71,000/- नकद एवं वर्ल्ड कप एडिशन 3 फीट ट्रॉफी व उपविजेताः 51,000/- नकद एवं वर्ल्ड कप एडिशन 2.5 फीट ट्रॉफी मिलेगी। विशेष पुरस्कारः बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर—आकर्षक ट्रॉफी एवं प्राइज मनी व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः आकर्षक ट्रॉफी एवं रॉयल क्लब अध्यक्ष गुरजीत शंटी बेदी द्वारा विशेष सरप्राइज पुरस्कार रहेगा। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य जिले के युवा क्रिकेटरों को मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही खिलाड़ियों को उत्कृष्ट तैयारी हेतु बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना और क्षेत्र में खेल भावना व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

## वेस्ट मटेरियल फैशन शो में नन्हे नन्हे बच्चों ने रैंप में चलकर अपनी प्रतिभा दिखाई

**छिंदवाड़ा।** वेस्ट मटेरियल फैशन/प्रेजेंटेशन शो में नन्हे नन्हे बच्चे जब रैंप पर अलग अलग बेस्ट मटेरियल को पोशाक में चले तो सभी ने जोरदार तालियों से सभी की खूब प्रशंसा की। रविवार को परासिया रोड स्थित होटल में बेस्ट मटेरियल फैशन शो ईको आइकन 2025का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलपति प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी जी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके जी विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं आर एस एस के लोकपाल कामना वर्मा जी सहित रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वेस्ट मटेरियल फैशन शो में रोटरी क्लब के रोटरी क्लब के सचिव निलेश गुप्ता,कोषाध्यक्ष रूपल अग्रवाल उपाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल रोटे सचिन वर्मा रोटे अमित मक्कड़ सहित अपनी अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही मानव अधिकार मिशन, स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति, राष्ट्रीय अपराध जांच शाखा, सोनारे हॉस्पिटल, आदित्य हॉस्पिटल, आल इण्डिया मेडिकल एजुकेशन साइंस छिंदवाड़ा डॉ नरेंद्र श्रीवास, पासा ट्रेवल्स , दक्ष मेन्स, हमारा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी, मात्र शिक्षण समिति, टी-वर्ल्ड, जमुनिया प्राथमिक शाला एवं नर्सरी शाला की टीम तथा स्वाभिमान जन कल्याण समिति का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य वेस्ट मटेरियल के माध्यम से रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश देना रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवन्या, द्वितीय स्थान अंशिका एवं तृतीय स्थान हयात ने प्राप्त किया।



## उप संचालक डॉ.पक्षवार ने किया पशु चिकित्सालय एवं खमारपानी का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के विकासखंड बिछुआ के पशु चिकित्सालय बिछुआ एवं खमारपानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित पाए गये। इस दौरान उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा विभागीय लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जैसे ऑनलाइन कृत्रिम गर्भाधान एंट्री, केसीसी के आवेदन बैंकों में जमा करना, पशु उपचार, बधियाकरण, गौशालाओं में कृत्रिम गर्भाधान करना एवं निकृष्ट सांडों का बधियाकरण करना, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत द्वितीय चरण 17 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो रहा है, आदेश के अनुरूप पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण, नस्ल सुधार की जानकारी देते हुए पशुपालकों को रील भेजना एवं लाभ पहुंचाने के लिये निर्देश दिए गए। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच खमारपानी में ब्रांच मैनेजर से भेंटकर केसीसी के 65 आवेदन जमा किए गए, जिसमें से 18 स्वीकृत एवं 18 वितरित कराए गए । इसी प्रकार जिला सहकारी मर्यादित बैंक शाखा बिछुआ में भेंट कर केसीसी के 90 आवेदन जमा किए गए, जिसमें से 59 आवेदन स्वीकृत एवं 59 वितरण कराए गए।

## सांसद खेल महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिखा रहे हैं दमखम

### छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित हो रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं छिन्दवाड़ा मुख्यालय के आयोजित की जा रही है। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत पिछले दिनों भाजपा मंडल, ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भाजपा मंडल और ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ी और टीमें अब छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं में शामिल हो रहे है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से छिंदवाड़ा और पांढुर्ना के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। रविवार 14 दिसंबर को जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल व बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं स्टेडियम मैदान एवं कबड्डी की प्रतियोगिताए पुलिस मैदान तथा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता वर्ल्ड वाइड जिम में आयोजित की गई। छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित हो रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रविवार को परासिया, मोहखेड़, छिन्दवाड़ा, बिछुआ, तामिया जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, चौरई, सौंसर, पाण्ढुर्णा विकासखण्ड के लगभग 1300 खिलाड़ियों व कोच मेनेजर एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विकासखंड के चयनित खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी स्पर्धाओं में विजयश्री हासिल कर अगली स्पर्धा में अपना नाम दर्ज कराया।

## भारत में जेम्स बॉन्ड बनती तो धर्मेन्द्र ही सर्वश्रेष्ठ नाम होतेः ठाकरे

### अंतिम दिन धर्मेन्द्र पर केंद्रित फिल्म-व्याख्यान एवं नाटक "ऐसे रहो की धरती" का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा सुप्रतिष्ठित फिल्म विश्लेषकों श्रीराम ताम्रकर एवं सुनील मिश्र के अवदान पर केंद्रित दो दिवसीय स्मृति प्रसंग समारोह का आयोजन 13 से 14 दिसंबर 2025 को छिंदवाड़ा के शासकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, खजरी रोड में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, छिंदवाड़ा एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि समारोह के अंतिम दिन 14 दिसंबर को फिल्म प्रदर्शन, धर्मेन्द्र के जीवन अवदान पर केंद्रित व्याख्यान और नाटक "ऐसे रहो की धरती" का मंचन किया गया। श्री नामदेव ने बताया कि ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में 1969 में बनी फिल्म "सत्यकाम" में धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर एवं अशोक कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म एक बंगाली उपन्यास पर आधारित है। फिल्म में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने संगीत दिया है। फिल्म में अभिनेता धर्मेन्द्र के निभाए किरदार को भारतीय सिनेमा में सर्वेश्रेष्ठ किरदारों में से एक माना जाता है। इस फिल्म ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था। अगले सत्र में इंदौर के श्री समय ताम्रकर ने "ए.आई. और सिनेमा का भविष्य-कला एवं तकनीक" विषय पर एवं इंदौर के श्री अरुण ठाकरे "धर्मेन्द्र – संघर्षों से सुपरस्टार तक" विषय पर उद्बोधन दिया।

## मोक्षधाम परिसर की हुई सफाई

**न्यूटन / परासिया :-** पश्चिमी न्यूटन चिखली अंतर्गत एकमात्र मोक्ष धाम वार्ड नं 10 में रविवार को प्रातः 8 बजे सफाई अभियान चलाया गया।जिसमें मोक्षधाम परिसर में झाड़ू लगाकर प्लास्टिक सहित अन्य सामग्री को उठवाया गया । जहारीले गाजर घास की सफाई कर आसपास लगी कटीली झाड़ियों की सफाई की गई । इस सफाई अभियान में राहुल सराठी पार्षद वार्ड नं 8 मंडल अध्यक्ष एसटी मोर्चा , श्रीचंद पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष , हरि आठनकर पूर्व मंडल महामंत्री , समाजसेवी राजेंद्र यादव , शिवनाथ कनोजिया नगर अध्यक्ष , दीपक बाथरी , संजय काकोड़िया , अखलेश डेहरिया , सचिन रायb, दीपक काकोड़िया , प्रदीप नाथ , विक्की यदुवंशी , सफाईकर्मी अरविंद लाहौरिया , मंतोष बावरिया , कौशिक और रम्मू बिन्झाड़े सहित अन्य लोग शामिल हुए ।



### तामिया-पातालकोट में शुरू हुई शूटिंग, आने वाले 50 दिनों तक विभिन्न गांवों में चलेगी शूटिंग

# तामिया की वादियों में गूंज रहा है लाइट...कैमरा...एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



सतपुड़ा की खूबसूरत घाटियां...ठंड में कभी धूप-कभी कोहरा...चारों तरफ हरियाली, पहाड़, गांवों की गलियां और कही-कहीं बहते झरने...फिल्मों की शूटिंग के लिए मनचाही लोकेशन्स साऊथ फिल्म इंडस्ट्री को तामिया की ओर खींच रही है, यहां तेलगू फिल्म भैरवी की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

इसके साथ ही दो अन्य फिल्मों टारगेट व आडू बुलेट रा की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्मों की शूटिंग के जरिए स्थानीय लोगों को भरपूर रोजगार भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के संवेदनशील रूख से तामिया में फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतरीन माहौल तैयार किया गया है और तेलगू फिल्मों की शूटिंग का सिलसिला आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया में फिल्मों की शूटिंग के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं, अनुमति समय सीमा में पूरी की जा रही है। स्थानीय स्तर पर फिल्म मेकिंग से जुड़े स्टाफ को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाया जा रहा है, इससे साऊथ फिल्म इंडस्ट्री का झुकाव यहां पर शूटिंग के लिए लगातार बढ़ रहा है। नतीजा यह है कि आने वाले करीब ५० दिनों तक तामिया और इसके आस-पास के अंचल में लगातार तीन फिल्मों और वीडियो एलबल की शूटिंग की जाना है। साऊथ फिल्म इंस्ट्री से छिंदवाड़ा आईं साउथ की जानी मानी प्रोडूयूसर विजयलक्ष्मी गुड़लुरी जी एवं डायरेक्टर जी अशोक जी (भैरवी), बी माधव रेड्डी जी एवं डायरेक्टर श्री कट्टा श्रीनिवासा जी (आडू बुलेट रा) और प्रोड्यूसर शेख नईम अहमद जी एवं डायरेक्टर तनिषा रूपा जी ने शूटिंग के लिए लोकेशन्स को फाइनल किया है।

### होम स्टे में भी होगी शूटिंग

तामिया में फिल्म की शूटिंग की व्यवस्था से जुड़े कोलंबस मल्टीमीडिया के लाइन प्रोड्यूसर उमरगुल खान ने जानकारी दी कि भैरवी, टारगेट और आडू बुलेट रा की शूटिंग के दौरान तामिया, पी डब्लू डी गेस्ट हाउस, पाटन गांव, तामिया व्यू प्वाइंट, तुलतुला मंदिर, तामिया बाजार की ज्यादा से ज्यादा लोकेशन दिखाई जाएंगी। श्री खान बताते हैं कि तामिया के लोगों का खुशमिजाज व्यवहार, सादगी भरे अंदाज, सुरक्षित माहौल और अच्छी लोकेशन के कारण हमारा प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक फिल्मों की शूटिंग यहां हो। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम काजरा, सावरवानी में भी फिल्मों की शूटिंग होगी और होम स्टे को स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।

## युवक के साथ की धोखाधड़ी, दमुआ पुलिस कर रही मामले की जांच

# दो युवकों ने एटीएम कार्ड धारक से एटीएम बदलकर निकाले 40 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



धोखाधडी कर दो युवकों ने ए.टी.एम. कार्ड धारक से ए.टी.एम. बदलकर 40000/- रूपये निकाल लिये धोखाधडी करने का मामला सामने आया घटना दिनांक 12 दिसम्बर समय लगभग दोपहर 01 बजे की बताई जा रही है भारतीय स्टेट बैंक दमुआ में लगा ए.टी.एम. मे जब कार्डधारक रूपये निकालने पहुंचा तो दो युवक खडे थे जिन्होने बोला कि आपका ए.टी.एम.कार्ड सही लगाओ कहकर कार्ड लगाने के नाम पर ए.टी.एम. कार्ड ले लिया और ए.टी.एम. कार्ड बदलकर वहां से दोनो युवक रफु चक्कर हो गये ए.टी.एम. कार्ड धारक कुछ समझ पाता कि कुछ ही देर पश्चात दोनो युवको ने अन्य दूसरे ए.टी.एम. पहुंचकर 40000/- रूपये निकाल लिये कार्डधारक को शंका होने पर जब उन्होने अपने स्टेट बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि खाते से 40000/- रूपये निकल गये है तो उन्होने तत्काल अपने खाते को बंद कराने के पश्चात पुलिस थाना दमुआ पहुंचकर उक्त मामले की शिकायत भीा दर्ज कराई पुलिस ने घटना की शिकायत को दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया अब पुलिस घटना की सी.सी.टी.वी फुटेज निकालकर मामले की जांच करेगी।

## रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोरों का धावा



**दमुआ-** कडाके इस ठंड मे लोग गहरी नींद मे सोये रहते है और रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरो द्वारा कोलवाशरी कालोनी के घरो में कीमती सामान जैसे चौखट, खिडकी दरवाजे लोहे सामान पानी की टंकी सहित अन्य सामग्री को चोरी कर उठा ले जा रहे है। फिर इन चोरो को कोई पकडने वाला समझ नही आ रहा है आये दिन चोरी हो रही है फिर भी मैनजमेंट संबंधित अधिकारी, सुरक्षा प्रहरी सहित सी.आई.एस.एफ. के जवानो की ड्यिुटी तक लगाई गई है। फिर भी चोरी की घटना रूकने का नाम नही ले रही है। चोरो का खौफ इतना बढ गया है कि रात के अंधेरे मे चोर कभी भी धावा बोल देते है और समान पर हाथ साफ कर देते है। आम जन मानस ने पुलिस प्रशासन दमुआ से मांग की है कि रात्री कालीन समय पर दमुआ वाशरी क्षेत्र में पुलिस मोबाईल गस्त बढाई जावे ताकि की चोरी जैसी घटना को रोका जा सके।

## जिले में वर्ड वॉचिंग एवं नेचर सफारी का सफल आयोजन

**छिंदवाड़ा।** माचागोरा कैचमेंट एरिया जमुनिया (छोटा महादेव) में आयोजित बर्ड वॉक छिंदवाड़ा जिले में सार्वजनिक बर्ड वॉक कार्यक्रम रहा। इस अवसर को और भी ऐतिहासिक बनाते हुए इस क्षेत्र में पहली बार कई दुर्लभ एवं प्रवासी पक्षियों का अवलोकन दर्ज किया गया, जिसने माचागोरा कैचमेंट एरिया को अंतरराष्ट्रीय प्रवासी पक्षी मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में अब तक कुल 55 प्रकार की पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। नेचर सफारी एवं अटावी वर्ल्ड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माचागोरा डेम के रमणीय कैचमेंट एरिया जमुनिया में वर्ड वॉचिंग एवं नेचर सफारी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रकृति आधारित कार्यक्रम में शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी छिंदवाड़ा एवं **YHAI** सतपुड़ा यूनिट छिंदवाड़ा के कुल 24 सदस्यों ने, सोसायटी के सचिव श्री हिमांशु जायसवाल के साथ, उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रविवार प्रातः 06:00 बजे सभी प्रतिभागी एकत्रित होकर माचागोरा डेम के सुंदर कैचमेंट क्षेत्र जमुनिया पहुँचे, जहाँ सनराइज पॉइंट पर उगते सूर्य की लालिमा से सजी प्राकृतिक छटा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## 30 पुरुष एवं 27 महिलाओं को होम्योपैथिक विधान से उपचारित कर होम्योपैथिक औषधियों का किया वितरण



**जुन्नारदेव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर 2024 से श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी पूर्व प्रधानमंत्री जी की जयंती तक सौ दिवस में सेवा के 100 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आज दिनांक 14/12/2025 दिन रविवार राखीकोल में उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शासकीय होम्योचिकित्सालय नवेगांव सैनिटोरियम के चिकित्साधिकारी एवं उनके स्टाफ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न किया गया जिसके अंतर्गत 30 पुरुष एवं 27 महिलाओं को होम्योपैथिक विधान से उपचारित कर होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ में उचित परामर्श भी दिया गया। स्त्री रोग एवं सीकल सेल एनेमिया अभियान के तहत ग्रामीणवासियों को जागरूक किया गया।

## जिला स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आज



**जुन्नारदेव।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर को अंशिका लॉन, तामिया रोड, जुन्नारदेव में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह प्रतियोगिता जिले के लोकप्रिय सांसद विवेक बंटी साहू के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित की जा रही है, जिसमें जिलेभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विकासखंड जुन्नारदेव को इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन का अवसर मिलना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतियोगिता का समापन दोपहर 3 बजे किया जाएगा, जिसमें जुन्नारदेव विकासखंड सहित जिले के विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत प्रेस पर सार्थक चर्चा

**जुन्नारदेवः** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, भोपाल के तत्वावधान में विकासखंड जुन्नारदेव के अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाजकार्य स्नातक एवं समाजकार्य परास्नातक कक्षाओं में रविवार को विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। कक्षाओं का नियमित संचालन संजय बामने के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र में वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद ताहिर ने प्रेस विज्ञप्ति विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्र–छात्राओं को पत्रकारिता की बुनियादी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति एक आधिकारिक लिखित अथवा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ होती है। जिसे कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन समाचार पत्र, टीवी चैनल एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म—को किसी महत्वपूर्ण सूचना, समाचार या घोषणा के प्रसार हेतु जारी करता है।

## जिला विकास सलाहकार समिति चर्चा के केंद्र में, प्रभारी मंत्री ने नामित किया सदस्यों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस सोशल मीडिया पर जिला विकास सलाहकार समिति के गठन और इसके कार्यकारिणी की सूची कुछ भाजपा नेताओं ने जारी की। इस सूची कुछ प्रमुख लोग शासन के नियमानुसार स्वमेव शामिल है, लेकिन अन्य सदस्यों को जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नामांकित किया है।

सूची में शामिल सदस्यों को लेकर क्षेत्र में अलग अलग प्रकार की चर्चा का दौर शुरू हो गया है। कुछ नगारिकों का मानना है कि कि जिला विकास सलाहकार समिति में जिन्हें सदस्य बनाया गया है उनमें से 5-7 ऐसे है जिन्हें पांढुर्ना जिले की अत्यल्प जानकारी है। यह ऐसे लोग है जो सिर्फ अपने काम से मतलब रखते है उनका सामाजिक और समाज सेवा का दायरा नहीं के जैसा है। लोगों का कहना है कि इस समिति में 5 डॉक्टरों को शामिल किया गया जिनमें अधिकांश अपनी प्रैक्टिस में ही व्यस्त पाए जाते है। जिला सलाहकार सूची में डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. शासन अध्यक्ष तथा प्रद्युम्न सिंह तोमर प्रभारी मंत्री पांढुर्ना जिला पदेन उपाध्यक्ष है। कलेक्टर पांढुर्ना

**समिति में 5 डॉक्टरों को शामिल किया**

समिति के पदेन सचिव है।

इसके अतिरिक्त बंटी विवेक साहू सांसद छिंदवाडा - पांढुर्ना, विजय चौरे विधायक सौंसर, निलेश उईके विधायक पांढुर्ना, संजय पुन्हार अध्यक्ष जिला पंचायत, जिले के समस्त जनपद पंचायत अध्यक्ष पदेन सदस्य है। यहां उल्लेखनीय है कि इन व्यक्तियों के स्थान पर कोई अन्य मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष और कलेक्टर होते तो इस समिति में संबंधित पदों पर इनका मनोनयन हो जाता।

इसके अलावा सौंसर क्षेत्र से संदीप मोहोड जिला भाजपा अध्यक्ष, नानाभाउ मोहोड पूर्व विधायक, नरेंद्र परमार, संतोष जैन, अजय धवले, डॉ. नंदकुमार शास्त्री, डॉ. अनूप जैन, गोपाल शर्मा, मोरेश्वर मर्सकोले, मुकेश बत्रा तथा जगदीश त्रिवेदी को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

पांढुर्ना क्षेत्र से समिति में संदीप घाटोडे नगरपालिका अध्यक्ष पांढुर्ना, एड वैशाली महाले पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष, सुनंदा डोंगरे जिला पंचायत सदस्य, देविदास राउत, डॉ. उमेश कडवे, डॉ. सुरेंद्र पन्नासे, योगिराज वानोडे, डॉ. अजय जैन, रूपेश ठाकुर तथा सुनील राउत को शामिल किया गया है।

## पेंशनर्स समाज की बैठक संपन्न



**परासिया :** रविवार 14 दिसंबर को पेंशनर्स समाज परासिया की मासिक बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में पेंशनर्स दिवस समारोह मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई । सभी ने एक मत से पेंशनर्स दिवस को धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव पारित किया । इसके अलावा शौचालय की अनिवार्यता पर चर्चा की गई । निर्णय लिया गया , कि इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष से मिलकर शौचालय निर्माण की मांग रखी जाएगी । जिला स्तर पर 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस समारोह में सम्मिलित होने पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर छिन्दवाड़ा पहुंचें । बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अनूप राय सहित डी के मिश्रा , डी एन दुबे , एस एल पाटकर , डी पी खंडेलवाल , जेठूलाल सोनी , सी एस शर्मा , महेंद्र सिंह राजपूत , दिनेश तन्तुवाय , एम के यादव, तुलसीराम सूर्यवंशी , घन्सराम कुमरे , अशोक सोलंकी , कुलदीप डेहरिया , लेखराम सूर्यवंशी , ए के बरखानिया , इकबाल खान , रफीक खान , महेंद्र कुमार जैन, शालिगराम राय , चन्द्रकान्ता जैन , बनानी चक्रवर्ती , डाली चक्रवर्ती , मनोरमा भलावी , सुखवंती सरेयाम , पुष्पा डेहरिया , जे एन डेहरिया , एस पी डेहरिया , राजेश कुमार जैन आदि उपस्थित रहे ।

## खुनाझिर कला में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिन्दवाड़ा द्वारा श्री सतीश राऊत जी (हितांशु ट्रेडर्स के संचालक) के निजनिवास- खुनाझिर कला,बैतूल रोड़, इमलीखेड़ा,छिंदवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी गया,इसी तरह कई वर्षो से निरंतर ग्रुप के माध्यम से सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवडे,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,रंजीत साहू,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,गोविंद चौधरी,पिल्ली पटेल,लक्ष्य कहार,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोबितकर,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल आदि मौजूद रहे।

### अब विकास की राह में मध्यप्रदेश, नक्सल मुक्त करने में सीआरपीएफ का अहम योगदानः नीतू डी. भट्टाचार्य

# पीएम से नक्सलवाद की समाप्ति में सीआरपीएफ जवानों में उत्सव

### सीआरपीएफ कटालियन भरवेली में सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ए/07 बटालियन कोरका, बालाघाट में दो ईनामी नक्सली दीपक उर्फ सुधाकर डीव्हीसीएम मलाजखंड एरिया कमेटी एवं रोहित उर्फ मंगलू एसीएम द्वारा समर्पण किए जाने के उपरांत मध्य प्रदेश से सक्रिय सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति होने के उपलक्ष्य 12 दिसम्बर को 123 बटालियन सीआरपीएफ, भरवेली, बालाघाट में श्रीमती नीतू डी. भट्टाचार्य, महानिरीक्षक मध्य प्रदेश सेक्टर की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महानिरीक्षक श्रीमती नीतू डी. भट्टाचार्य द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश राज्य से नक्सलवाद की समाप्ति में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, हॉक फोर्स एवं मध्य प्रदेश पुलिस का अहम योगदान रहा है। जिसके कारण नक्सलियों में समर्पण की भावना पैदा हुई एवं नक्सलियों ने शासन की नीतियों पर विश्वास जताते हुए आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का कार्य किया। इस अवसर पर संदीप कुमार चौबे उप महानिरीक्षक रेंज भोपाल, हजारी लाल कमाण्डेंट 123 बटालियन, दीपक कुमार कमाण्डेंट 207 कोबरा, विक्रांत सारंगपानी कमाण्डेंट 148 बटालियन, कपिंग गिल कमाण्डेंट 07 बटालियन एवं अन्य अधिकारीगण तथा भारी संख्या में जवान उपस्थित रहे।महानिरीक्षक नीतू डी. भट्टाचार्य कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपने अभिन्नअंग कोबरा के साथ मध्यप्रदेश में मौजूद है, हमारे लिए नक्सलवाद की समाप्ति में चैलेंज और चुनौति भी थीं क्योकि गृह मंत्री अमित शाह के आव्हान पर फोर्स काम कर रही थी, हमने छोटी-छोटी प्लाटून बनाई, रणनीति बनाई और हमारे बल के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस और हॉकफोर्स के साथ पूनः रणनीति बनाई फिर कई ऑपरेशन एक साथ अगल-अगल किया गया। इसी वजह से आज हम यह दिन देख पाए हैं, मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त घोषित की जा चुकी है। उन्होने आगे कहा कि चुनौति बहुत थीं यहा के घने जंगल है और वहा आपरेशन करना बहुत ही कठिन था जहां जवानों को ट्रेनिग दी गई, तब ही आपरेशन सफल हुए है। हमारी बटालियन वर्ष 2003 में बालाघाट आई, उसके बाद धीरे-धीरे जवानों की संख्या बड़ती गई।

**अब विकास की राह में मध्यप्रदेशः** उन्होने आगे कहा कि जंगल से नक्सली मुक्त तो हो गया है पर अब उसी जोश और उर्जा के साथ जंगल में जायेगें और कुछ भी बचा हुआ है उसे भी खत्म करना है। क्योंकि नक्सली पुनः ऐसी कायराना हरकत फिर दौबारा ना कर सके। अब विकास की राह मध्यप्रदेश पकड़ेगा उसमें सीआरपीएफ का एक योगदान रहेंगा, हमे इस बात की खुशी हैं।

**केक काटकर मनाया उत्सवः** इसके उपरांत संजय कुमार, भा.पु.से., महानिरीक्षक बालाघाट जोन, श्रीमती नीतू डी. भट्टाचार्य, महानिरीक्षक मध्य प्रदेश सेक्टर, संदीप कुमार चौबे उप महानिरीक्षक रेंज भोपाल, हजारी लाल कमाण्डेंट 123 बटालियन, दीपक कुमार कमाण्डेंट 207 कोबरा, विक्रांत सारंगपानी कमाण्डेंट 148 बटालियन, कपिंग गिल कमाण्डेंट 07 बटालियन, शियाज के. एम. कमाण्डेंट हॉक फोर्स, आदित्या मिश्रा पुलिस अधीक्षक बालाघाट, आदर्शकांत शुक्ला एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थित में मध्य प्रदेश राज्य से नक्सलवाद की समाप्ति के अवसर पर सांकेतिक तौर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, भा.पु.से., महानिरीक्षक बालाघाट जोन द्वारा बताया गया कि सभी सुरक्षा बलों द्वारा आपस में अच्छा समन्वय रखते हुए कार्य किया गया जिसके कारण इस अभियान में हमें सफलता प्राप्त हुई। उनके द्वारा सभी अधिकारियों एवं जवानों को बधाई

## मिरगपुर में संपन्न हुआ 16 ग्राम पंचायतों की महिला जन प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

### महिला सरपंच, उपसरपंच, पंच को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण, बताए गए उनके अधिकार




**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मिरगपुर में रविवार 14 दिसंबर को महिला सरपंच, उपसरपंच व पंच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।प्रशिक्षण का आयोजन 12 दिसंबर से किया गया था। जिसका समापन 14 दिसंबर रविवार को हुआ। प्रशिक्षण में जनपद के अंतर्गत आने वाली 16 ग्राम पंचायतो की महिला सरपंच, उपसरपंच व पंच शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधू ऋषि शुक्ला के द्वारा महिला जन प्रतिनिधीयो को दिया गया। उन्होंनो महिला सरपंच ,उपसरपंच को उनके अधिकार , दायित्व व कर्तव्य एंव गाईड लाईन के बारे में विस्तृत रूप बताया ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले और ग्राम विकसित और समृद्ध व कुशल हो सके। साथ ही मास्टर ट्रेनर जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला के द्वारा महिला पंचो को विशेष रूप से उनके अधिकार व दायित्व की जानकारी दि गई, उन्हें बताया की की वार्ड के पंच अपने वार्ड में जाकर वार्डवासियो से सम्पर्क कर उनकी मूलभूत आवश्यकता बिजली, पानी ,शिक्षा सहित अन्य विषय पर चर्चा करे, वार्ड की समस्या व आवश्यकता को जाने और उन्हें डायरी में नोट करे जिसके बाद ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में जाकर प्रस्ताव में नोट करवाया ताकि उस वार्ड में सरकार की योजना से कार्य किया जा सके एंव योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंच सके। साथ ही प्रशिक्षण में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर जिला पंचायत सदस्य मधुऋृषि शुक्ला, टूईयापार सरपंच शोभा गंगाराम डहरवाल, मिरगपुर उपसरपंच अलका संतोष मेश्राम, ब्लॉक समन्वयक राहुल पटले सहित अन्य ग्रामपंचायत की महिला उपसरपंच, पंच मौजूद रही।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वारासिवनी इकाई की महाविद्यालय कार्यकारिणी की घोषणा, रोहित अध्यक्ष व तुषार मंत्री मनोनीत




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में सत्र 2025-26 के लिए नवगठित महाविद्यालय कार्यकारिणी की घोषणा की गई हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन, प्रभारी प्राचार्य एस एस गेड़ाम, राहुल विश्वकर्मा, अभिषेक अग्रवाल एवं आदित्य अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से किया गया।**

विदित है कि विद्यार्थी परिषद 77 वर्षों से छात्र के प्रति राष्ट्र भावना जागृत करने का कार्य करते हुए सदैव ही छात्रों में राष्ट्र के प्रति प्रेम और हमारे देश के महापुरुषों के प्रति सम्मान जागृत करने का कार्य करती आई है। परिषद के जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी सत्र 2025-26 की घोषणा की। जिसमें महाविद्यालय अध्यक्ष के रूप में रोहित राणा और मंत्री के रूप में तुषार बिसेन नियुक्त किए गए। इसके अलावा उपाध्यक्ष, एस एफ डी, खेलो भारत, स्टडी सर्किल, एन एस एस, एन सी सी और तकनीकी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख और सह प्रमुखों की नियुक्ति भी की गई। जनभागीदारी समिति पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के 3500 छात्रों का प्रतिनिधित्व करने का कार्य भार आप सभी महाविद्यालय के नवगठित कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ है। अभाविप जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय के खिलाफ आज़ादी के आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। भगवान बिरसा मुंडा ने आंदोलन के लिए लोगों को एकत्रित करना चालू किया और अपने लोगों को कहा कि यह भूमि, जंगल हमारी मातृभूमि है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वह संगठन है जो आपके विचार को मंच देगा और आपकी ऊर्जा को दिशा देगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है। वह विचार जो हमें अपनी संस्कृति, समाज और विद्यार्थी परिषद को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने वाला, विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो ज्ञान, शील और एकता के मंत्र को लेकर कार्य करता है।

## 6 खण्डपीठों में 132 प्रकरणों का निराकरण कर 1,83,24,244/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त

### नेशनल लोक अदालत सफलतापूर्वक सम्पन्न




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण व न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय वारासिवनी में श्रीमती कविता इवनाती विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के नेतृत्व में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे व्यवहार न्यायालय वारासिवनी मे किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण साथ ही पक्षकारों की उपस्थिति में विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के करकमलों द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर पुष्प सुमन एवं प्रसाद अर्पित कर उद्घाटन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में कुल 06 खण्डपीठों का गठन किया गया। जिसमें से खण्डपीठ क्र. 15 के पीठासीन अधिकारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी प्रकरणों के 08 मामलों का निराकरण किया जाकर 57,30,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। हिन्दू विवाह से संबंधित 04 मामलों एवं अन्य सिविल संबंधी 05 प्रकरणों का निराकरण किया गया। खण्डपीठ में कुल 17 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल 57,30,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता मुकेश पटले उपस्थित रहे।

खण्डपीठ क्र.16 के पीठासीन अधिकारी कमलेश मीणा प्रथम ज़िला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वारासिवनी की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 06 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 4475000/-रूपये की अवार्ड राशि प्राप्त की गई। विद्युत से संबंधित आपराधिक शमनीय प्रकृति के प्रकरणों में 12 प्रकरण निराकरण किया जाकर 203159/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। हिन्दू विवाह से संबंधित 02 मामलों का निराकरण किया गया। नियमित व्यवहार अपील का 01 प्रकरण निराकरण किया जाकर 9,50,000/-रू. की समझौता राशि प्राप्त की गई। सिविल एवं मोटर दुर्घटना दावा के विविध व्यवहार प्रकरणों के 02 मामलों का निराकरण किया एवं निष्पादनवाद के 04 मामलों में 4271585/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। आपराधिक अपील के 02 मामले में 1010500/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। खण्डपीठ में कुल 29 मामलों का निराकरण किया जाकर 10910244/- रूपये समझौता राशि के रूप में प्राप्त किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता हितेश कटरे उपस्थित रहे।

खण्डपीठ क्र. 17 के पीठासीन अधिकारी श्रीमती दिव्या सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की खण्डपीठ में आपराधिक शमनीय प्रकृति के प्रकरणों में 04 प्रकरण निराकृत हुये एवं चेक बाउंस के प्रकरणों में 02 प्रकरणों का निराकरण किया गया जाकर 159000/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। अन्य सिविल प्रकृति का 01 प्रकरण निराकृत किया गया। वहीं 06 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 715000/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। इस प्रकार खण्डपीठ में कुल 07 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 8,74,000/- रूपयों की समझौता राशि प्राप्त की गई। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता श्रीमती वंदना बनोटे उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात सिवनी रेलवे स्टेशन से नागपुर की ओर रेलवे क्रॉसिंग के पास कुचबुंदिया मोहल्ले के पीछे हुई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति रेलवे पटरियों पर चल रहा था। आशंका है कि उसे पीछे से आ रही ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी, जिसके कारण वह उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।
मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पुलिस ने मृतक का हुलिया जारी किया है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है, रंग गोरा और बाल घुंघराले हैं। उसने काली जैकेट के अंदर काले रंग की शर्ट पहनी थी जिस पर महाकाल का चित्र बना है। ग्रे कलर का लोअर जिस पर नाइक लिखा है और फटे हुए काले जूते भी पहने थे। उसके दाहिने हाथ पर हनुमान जी का टैटू बना है।

## डॉ. बिसेन ने केन्द्रीय रेल मंत्री से यात्री सुविधाओं के विस्तार पर की लंबी चर्चा

# नई ट्रेनों का संचालन करने, पेंच व्हेली पातालकोट के कोच बढ़ाने, एवं नैनपुर स्टेशन के विस्तारीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





पूर्व सांसद डां.ढालसिंह बिसेन ने अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर क्षेत्र की यात्री सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण रेल मांगें उनके समक्ष पुनः रखी गईं। इस दौरान रेल कनेक्टिविटी, नई रेलगाडियों के संचालन, विस्तार एवं आधारभूत संरचना विकास को लेकर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा की ।
डां. बिसेन ने सेवाग्राम नागपुर से मुंबई जाने वाली सेवाग्राम एक्सप्रेस का संचालन नैनपुर तक किये जाने की मांग करते हुये ध्यान आकृष्ट किया कि ट्रेन संख्या 12139/12140 मुंबई - नागपुर सेवाग्राम एक्सप्रेस वर्तमान में नागपुर में लगभग 15 घंटे का हॉल्ट लेती है। यदि इस गाड़ी को सप्ताह में तीन दिन छिंदवाड़ा - सिवनी होते हुए नैनपुर तक तथा तीन दिन तुमसर रोड - तिरोड़ी - कटंगी - बालाघाट होकर नैनपुर तक विस्तारित किया जाता है, तो सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट एवं मंडला जिलों के हजारों यात्रियों को नागपुर एवं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी।
इसी तरह चित्रकूट एक्सप्रेस का छिंदवाड़ा तक विस्तार करने की मांग करते हुये डां. बिसेन ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव को अवगत कराया कि ट्रेन संख्या 15205/15206 लखनऊ - जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस भी जबलपुर में लगभग 15 घंटे खड़ी रहती है। इसे नैनपुरझसिवनी -छिंदवाड़ा तक विस्तारित करने से क्षेत्र को एक लंबी दूरी की यात्री रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी। मंत्री जी को यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में इस दिशा में कार्यवाही प्रारंभ हुई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से आगे नहीं बढ़ सकी।
डां. बिसेन ने बालाघाट सिवनी मंडला एवं छिंदवाड़ा जिले की मांग अनुरूप बिलासपुर से इंदौर के मध्य नई रेलगाड़ी प्रारंभ करने का आग्रह करते हुये बताया कि वर्तमान में बिलासपुर - इंदौर के बीच केवल नर्मदा एक्सप्रेस उपलब्ध है, जिस पर अत्यधिक यात्री दबाव रहता है। यदि गोंदिया - बालाघाट - नैनपुर- सिवनी-छिंदवाड़ा- भोपाल-उज्जैन होकर इंदौर तक नई यात्री गाड़ी प्रारंभ की जाती है, तो इससे सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं मंडला जिलों के यात्रियों को भोपाल, इंदौर, रायपुर एवं बिलासपुर के लिए सीधी सुविधा मिल सकेगी। डां. बिसेन ने केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के दोरान नागपुर से नई दिल्ली अतिरिक्त यात्री गाड़ी की आवश्यकता पर जोर देते हुये बताया कि सिवनी से नई दिल्ली के लिए फिलहाल केवल एक ही यात्री गाड़ी उपलब्ध है। यदि नागपुर- छिंदवाड़ा -सिवनी -नैनपुर- जबलपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त गाड़ी चलाई जाती है, तो इससे क्षेत्रवासियों को नागपुर, जबलपुर एवं दिल्ली के लिए आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।
पूर्व सांसद डां. बिसेन ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या और वर्तमान में हो रही असुविधा पर ध्यान आकृष्ट करते हुये पातालकोट एवं पेंचवैली एक्सप्रेस में कोच वृद्धि की मांग रखी । साथ ही डां. बिसेन ने सिवनी कटंगी (तिरोड़ी) नवीन रेल मार्ग पुनः सर्वे कराकर निर्माण की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री को बताया गया कि पूर्व सर्वे में भू-अर्जन लागत अत्यधिक दर्शाए जाने के कारण योजना आगे नहीं बढ़ सकी। चर्चा में ही उन्होंने नैनपुर- सिवनी - छिंदवाड़ा- आमला/नागपुर रेलखंड का दोहरीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुये तर्क दिया कि भविष्य में बढ़ते यात्री एवं माल परिवहन दबाव बढना सुश्चित है । नैनपुर को सेंट्रल इंडिया का प्रमुख जंक्शन बनाने का प्रस्ताव भी डां. बिसेन द्वारा रखा गया । उन्होंने बताया कि यदि नैनपुर स्टेशन का समुचित विकास किया जाता है, तो यह सेंट्रल इंडिया का एक बड़ा रेल केंद्र बन सकता है, जिससे इस मार्ग की सभी यात्री एवं मालवाहक गाडियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डां. बिसेन को आश्वासन दिया कि आपके सभी उपयोगी सुझाव और मांगो पर गंभीरता से मंत्रालय विचार करेगा ।



# ग्राम पंचायत कलार बांकी में बैठकी बाजार की राशि को लेकर हंगामा!

### सचिव मौजूद, लेकिन सरपंच व सरपंच पति पहुंचे थाने, दो दिन बाद मीडिया से करेंगे खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कलारबांकी में बैठकी बाजार की राशि को शासकीय खाते में जमा न करने को लेकर आज दिनभर जमकर हंगामा हुआ।
ग्राम पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान सचिव महोदया और कुछ पंच मौजूद रहे, लेकिन माहौल तब गर्म हो गया जब बैठकी बाजार की राशि जमा न होने को लेकर पंचायत में ही आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया।
तनाव बढने पर ग्राम पंचायत कलारबांकी की सरपंच पिंकी भारत इनवाती और सरपंचपति महोदय सीधे बंडोल थाना जा पहुँचे। मौके पर मौजूद मीडिया द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर दोनों ने इस विवाद पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया।
सरपंच व सरपंच पति ने कहा कि - दो दिन बाद हम मीडिया के सामने पूरे मामले की सच्चाई खुलकर बताएँगे अभी कुछ भी कहना उचित नहीं स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर चर्चाएँ तेज हो गई हैं लोगों का कहना है कि बैठकी बाजार की राशि को शासकीय खाते में जमा न करने का मुद्दा काफी समय से उठता रहा है, लेकिन पहली बार यह मामला इतना गरमा गया कि थाने तक पहुँचना पड़ा। इस पूरे प्रकरण को लेकर जनपद स्तर पर भी हलचल देखी जा रही है अब सबकी निगाहें अगले दो दिनों पर टिकी हैं, जब सरपंच पक्ष इस विवाद की वास्तविक स्थिति मीडिया के सामने रखेगा।

## कोतवाली पुलिस की माह में गौ-तस्करों पर दूसरी बड़ी कार्यवाही

# फिर गौवंश से भरा ट्रक पकड़ाया, 31 गौवंश कराए मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गौवंश तस्करी व अवैध परिवहन पर न केवल संवेदनशील हैं अपितु गौवंश तस्करों पर लगातार कार्रवाई हेतु सक्त हैं, जो इसी क्रम में श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के कुशल मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली टीम के द्वारा दिनांक 14/12/25 को दस चक्का ट्रक से 31 नग गौ-वंश को मुक्त कराया गया।
उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 14/12/2025 की रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मूंगवानी रोड की ओर से एक दस चका ट्रक का चालक उसके साथियों के साथ मिलकर ट्रक में गौ-वंश को ठूस-दूस कर क्रूरता, बर्बरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से गौ-वंश का परिवहन करते हुये कत्लखाना नागपुर लेकर जा रहे है सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ के परतापुर मूंगवानी रोड पहुँचकर नाकाबंदी करने के दौरान सुबह करीब 06/50 बजे मूंगवानी कि ओर से एक दस चका ट्रकक्रमांक एमएच -31 डीएस -1393 जिस पर काले रंग की तिरपाल बंधी हुई है, ट्रक का चालक ट्रक को तेजी से चलाकर बायपास रोड की ओर लेकर भागने लगा जिसे रोकने के लिये हाथ से इशारा कर संकेत देने पर ट्रक के चालक के द्वारा ट्रक को न रोकते हुए तेजी से एवं खतरनाक तरीके से बायपास रोड की तरफ लेकर भागने लगा, ट्रक के चालक एवं उसका एक साथी ट्रक को रोड के किनारे खडा करके ट्रक से कूदकर खेतो की ओर भाग गये, जिनका पीछा करने पर नही मिले ट्रक में बंधी तिरपाल को खुलवाकर देखने पर ट्रक के अंदर 31 नग गौ-वंश को निर्दयतापूर्वक, ठूस-ठूस कर गर्दन, मुंह, पैर रस्सियो से बंधे हुये थे। ट्रक में से 31 नग गौ-वंश को सुरक्षित मुक्त कराया गया जिन्हें सुरक्षित गौशाला दयोदय जीवरक्षा संस्थान बीझावाड़ा में चारा पानी व उचित देख रेख हेतु रखवाया गया हैं एवं ट्रक क्रमों एमएच -31 डीएस - 1393 डीएस के स्वामी एवं चालक के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर फरार आरोपियों की तलास पतासाजी की जा रही है।
उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, आर. प्रदीप चौधरी, मुकेश चौरिया, रत्नेश कुशवाहा, रविन्द्र डहेरिया, इरफानउद्दीन खान की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

### कोतवाली पुलिस की ग्राम लूघरवाड़ा में जुआ फड़ पर रेड़, 09 जुआरियों से 7700 रुपये कीजप्त

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो श्रीमान के नेतृत्व में समय समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ग्राम लूघरवाड़ा में जुआ खेल रहे 09 जुआरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 14/12/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि ग्राम लूघरवाड़ा में कुछ लोग रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर 09 जुआरियों को पकडने में सफलता हासिल हुई जिनके पास से नकदी 7700 रुपये एवं 52 तांस के पत्ते मिलने पर विधिवत जप्त कर जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। जुआरी मे प्रमोद माल्या पिता रतनसिंह माल्या उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम कातलबोडी थाना लखनवाडा । 2. राकेश पिता केशव राम बघेल उम्र 50 वर्ष निवासी लखनवाडा । 3. जीतेन्द्र पिता स्व0 श्री कामरासिंह बघेल उम्र 30 वर्ष निवासी लुधरवाडा थाना कोतवाली सिवनी। 4. सतेन्द्र पिता दुर्गाप्रसाद बघेल उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम लूघरवाडा। 5. सुनील पिता खैरसिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम भाटा थाना कान्हीवाडा । 6. मुकेश यादव पिता महेरा यादव उम्र 33 वर्ष निवासी कातलबोडी थाना लखनवाडा । 7. संतोष पिता दुर्गाप्रसाद चंदेल उम्र 38 वर्ष निवासी कातलबोडी थाना लखनवाडा । 8. अभिषेक पिता लखन भारती उम्र 25 वर्ष निवासी लूघरवाडा। 9. भोपाल पिता मेहतरसिंह बघेल उम्र 40 वर्ष निवासी लूघरवाडा ।

## राष्ट्रीय सारेगामापा गायन महोत्सव का भव्य आगाज

# सिवनी के एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन लूघरवाड़ा में आज को होगा दूसरा ऑडिशन

### 19वें वर्ष में भव्य आयोजन, मालू स्मृति सम्मान समारोह भी शामिल

सिवनी। संगीत प्रेमियों और उभरती गायन प्रतिभाओं के लिए सिवनी एक बार फिर सुर, लय और ताल के महासंगम की तैयारी में जुट गया है। राष्ट्रीय सारेगामापा गायन महोत्सव-2026 इस वर्ष अपने 19वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले वर्षों में इस मंच से अनेक प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय पहचान बनाई है, जिससे यह आयोजन केवल प्रतियोगिता न रहकर एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक पर्व बन चुका है। इस बार भी आयोजन को लेकर युवाओं और संगीत साधकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।
महोत्सव का द्वितीय एवं निर्णायक ऑडिशन 15 दिसंबर 2025 को एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा में आयोजित किया जाएगा। मध्यभारत के विभिन्न जिलों से सैकड़ों गायक-गायिकाएं इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण के ऑडिशन में मिली भारी प्रतिक्रिया और उच्च स्तर की प्रस्तुतियों ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया है। आयोजन समिति द्वारा मंच, ध्वनि व्यवस्था और प्रतिभागियों की सुविधाओं को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

#### 9-10 जनवरी को सेमीफाइनल और ग्रैंड फाइनल

प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 9 जनवरी तथा ग्रैंड फाइनल 10 जनवरी 2026 को बड़ा मिशन ग्राउंड, सिवनी में भव्य मंच पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अत्याधुनिक लाइटिंग, लाइव म्यूजिक और विशाल दर्शक दीर्घा के बीच संगीत का भव्य उत्सव सजेगा। इसी दौरान स्व. महेशचंद मालू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा, जिसमें कला, संस्कृति और संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

#### आकर्षक नकद पुरस्कार और सम्मान

इस वर्ष प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि को और आकर्षक बनाया गया है। विजेताओं को 31,000 रुपये तक के नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क मात्र 500 रुपये रखा गया है, जबकि दर्शकों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग संगीत के इस महाकुंभ का हिस्सा बन सकें।
आयोजकों की अपील— युवाओं के लिए सुनहरा मंच आयोजक पृथ्वीराज जगने एवं आशीष दुबे ने बताया कि पिछले 18 वर्षों में इस मंच ने अनगिनत नई आवाजों को पहचान दिलाई है। उन्होंने संगीत प्रेमी युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएं। आने वाले दिनों में सिवनी एक बार फिर संगीत की राजधानी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने जा रहा है।

# घंसौर की सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू

**घंसौर /** तहसील घंसौर अंतर्गत कई ग्रामों की शासकीय भूमि के पेंच व्यपवर्तन परियोजना को हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू होने से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील घंसौर के ग्राम किंदरई, पटवारी हल्का क्रमांक 57, राजस्व निरीक्षक मंडल घंसौर की लगभग 190 हेक्टेयर शासकीय एवं अन्य भूमि के हस्तांतरण हेतु पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक–1, चौरई (जिला छिंदवाड़ा) के कार्यपालन यंत्री द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।
इस संबंध में न्यायालय तहसीलदार घंसौर द्वारा 2 दिसंबर को ईश्तेहार जारी कर दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। दावे–आपत्तियों की सुनवाई की तिथि 17 दिसंबर निर्धारित की गई है। हालांकि जारी ईश्तेहार में प्रस्तावित भूमि हस्तांतरण के प्रयोजन को स्पष्ट रूप से उल्लेखित नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर असमंजस और सवाल खड़े हो रहे हैं।
सूत्रों के अनुसार ग्राम किंदरई के अलावा तहसील घंसौर के आधा दर्जन से अधिक पटवारी हल्कों में भी इसी प्रकार के ईश्तेहार जारी किए गए हैं, जिनमें सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि को पेंच व्यपवर्तन परियोजना के नाम हस्तांतरित करने की मांग की गई है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इतनी बड़ी मात्रा में शासकीय भूमि का हस्तांतरण कर दिया गया, तो भविष्य में क्षेत्र में जनहित से जुड़ी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना कठिन हो सकता है, जिससे शासन-प्रशासन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।
सूत्रों से यह भी जानकारी सामने आ रही है कि छिंदवाड़ा जिले में पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत बांध एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण के दौरान बड़ी मात्रा में वन भूमि और वृक्षों को क्षति पहुंची है। उसी क्षति की प्रतिपूर्ति (क्षतिपूरक भूमि) के रूप में सिवनी जिले की तहसील घंसौर अंतर्गत कई ग्रामों की भूमि हस्तांतरण की मांग की गई है।
इस मुद्दे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जहां एक ओर छिंदवाड़ा जिले में सिंचाई और कृषि विकास के लिए परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं घंसौर क्षेत्र स्वयं सिंचाई सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में आज भी खेती असिंचित है, जिसके चलते किसान सालभर के लिए पर्याप्त उत्पादन नहीं कर पाते।
स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि घंसौर क्षेत्र से लंबे समय से जलाशयों और सिंचाई परियोजनाओं की मांग की जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई। परिणामस्वरूप रोजगार और कृषि लाभ के अभाव में सैकड़ों गांवों से लोग हर साल मजदूरी की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं।
अब देखना यह होगा कि दावे–आपत्तियों की प्रक्रिया और सुनवाई के बाद शासन इस भूमि हस्तांतरण पर क्या निर्णय लेता है और स्थानीय हितों को किस हद तक ध्यान में रखा जाता है।

### द्वारकाधीश मंदिर व शंकराचार्य आश्रम प्राण प्रतिष्ठा की अंतिम तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आज

**सिवनी।** सीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में आगामी 15 दिसंबर सोमवार को दोपहर 12:00 बजे द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अंतिम तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुनइ की उपस्थिति में संपन्न होगी। पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन की सफलता, गरिमा और सुव्यवस्थित संचालन हेतु बैठक में विस्तृत कार्ययोजना एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। देशभर से संत-महात्मा व वीवीआईपी होंगे शामिल आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का यह आयोजन वृहद स्तर पर संपन्न होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से धार्मिक संत-महात्माओं के साथ-साथ कई वीवीआईपी अतिथि भी शामिल होंगे।

## विद्याभारती महाकौशल प्रांत की प्रांतीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी में दो दिवसीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक संपन्न हुई। विद्याभारती महाकौशल प्रांत की योजनानुसार महाकौशल प्रांत के 24 जिलों में संचालित सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्यो को योजना के प्रमुख बिन्दुओं को समझाने राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति ;छम्च्द्ध की बारिकियों से अवगत कराने के लिए उपरोक्त दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी। उपरोक्त आयोजन में लगभग 150 प्राचार्य/प्रधानाचार्यो की उपस्थिति रही। बैठक में प्रमुख रूप से जिनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उनमें विद्याभारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश जी भटनागर, महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री श्री अमित दवे, प्रांत के सचिव श्री सुधीर अग्रवाल, प्रांत प्रमुख श्री शिवानंद सिन्हा, सह प्रांत प्रमुख श्री हरिराम तिवारी, प्रादेशिक सह सचिव श्री नितिन चौधरी, प्रांत अंकेक्षण प्रमुख श्री रामबहोरी पटेल, क्षेत्रीय खेल प्रमुख श्री भास्कर बडनेरकर, प्रांत संस्कार प्रमुख श्री इंदल पटेल एवं आठों विभाग के विभाग समन्वयकों में की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग समन्वयकों में प्रमुख रूप से श्री राजकुमार ठाकुर, श्री मनोजपुरी गोस्वामी, श्री रामशिरोमणी शर्मा, श्री कमलेश अग्रहरि प्रमुख थे इसके अतिरिक्त प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख श्री रविशंकर शुक्ल ने भी प्राचार्य/प्रधानाचार्यो का मार्गदर्शन किया। प्रथम दिवस जहां पंचपदीय शिक्षण पद्धति पर विद्याभारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश जी भटनागर ने अपना विस्तृत मार्गदर्शन प्राचार्य/प्रधानाचार्य को प्रदान किया और विद्यालय संचालन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीके समझाए।
विद्याभारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश जी भटनागर ने विद्यालय के पूर्व छात्रों की एक गरिमामयी बैठक को सम्बोधित करते हुए विद्यालय विकास में उनकी महती भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होनें कहा कि पूर्व छात्र शिशु मंदिर परिवार के आत्मीय सदस्य व सहयोगी होते है। आज विश्व के 100 से अधिक देशों में शिशु मंदिर के हजारों पूर्व छात्र विभिन्न कार्यो में लगे हुए है। ये पूर्व छात्र अपने संस्कार और अनुशासन के लिए अलग से जाने पहचाने जाते है। विदेशों में जब कोई पूर्व छात्र अपने अन्य पूर्व छात्रों से मिलते है तो उनकी आत्मीयता अलग ही दृष्टिगोचर होती है। आज हमारे पूर्व छात्र हजारों की संख्या में प्रशासनिक सेवाओं उद्योग, व्यापार और राष्ट्र निर्माण के अनेकोनेक कार्यो में लगे हुए है। उन्होनें कुछ प्रमुख पूर्व छात्रों के नामों का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारे वर्तमान सेनाध्यक्ष श्री उपेन्द्र द्विवेदी सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र है और वे इस बात पर अत्यंत गर्व भी महसूस करते है। उन्होनें स्वयं स्वीकार किया है कि उनके जीवन निर्माण में सरस्वती शिशु मंदिर की अहम भूमिका है। उन्होनें पूर्व छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया और बड़ी आत्मीय भाव से उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र विद्यालय व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी, श्री विनीत अग्रवाल, श्री अविनाश पाठक, श्री दीपक साहू, श्री माधव दुबे, श्री रोहित हिन्दुजा, श्री सागर पवार, श्री शुभम कांगडें, श्री निलेश साहू, श्रीमती श्रद्धा सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

### भारत के सुन्नी सूफी उपदेशक विद्वान सर जमीनें छपारा में करेंगे शिरकत

छपारा-भारत के सुन्नी सूफी उपदेश विद्वान अमीन ए मिल्लत नूरानी हादसे और तारीख ए कर्बला जैसी उल्लेखनीय रचनाओं के लिए जाने जाते हैं । आज 15 नवंबर को छपारा में तशरीफ ला रहे हैं।
रजा ए अली कमेटी के व्दारा पहली मरतबा सर ज़मीनें छपारा में शाने पंजतने पाक व अज़मते सहाबा कॉन्फ्रेंस प्रोग्राम का आयोजन आज 15 दिसंबर ईशा की नमाज के बाद हजरत मलंग शाह बाबा र.अ. आस्ताने के पास ईदगाह ग्राउंड पिजारी वार्ड छपारा में आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम में नौजवान दिलों की धड़कन अमीन ए मिल्लत
हजरत अल्लामा मोलाना सैयद अमीनुल कादरी साहब क़िब्ला तशरीफ ला रहे हैं। बाद नमाज मगरिब लंगर खाना ओर मां बहनों के लिए बैठने की व्यवस्था के साथ बाहर से आए हुए लोगों के लिए भी लंगर खाना का इंतज़ाम किया गया है । राज ए अली कमेटी ने ज्यादा से ज्यादा तादात में शिरकत कर प्रोग्राम को कामयाब बनाने की अपील की है।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 1901 प्रकरणों का निराकरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र राय महोदय के मार्गदर्शन में दिनांक 13 दिसंबर 2025 को जिला न्यायालय सिवनी एवं सिविल न्यायालय लखनादौन, केवलारी तथा घंसौर एवं छपारा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमान सतीश चंद्र राय महोदय विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम बलवीर सिंह धाकड़, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पंकज जैन एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है।
उन्होने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि नायक ने न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा नेशनल लोक अदालत में अधिवक्तागण से सहयोग की अपेक्षा की।
कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र राय, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम बलवीर सिंह धाकड़, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती कला भम्मरकर, विक्रम सिंह डावर न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती राखी देवलिया न्यायिक मजिस्ट्रेट,अमरीश भारद्वाज न्यायिक मजिस्टरे्ट, श्रीमती अर्चना यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री अंशुल ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती गीता उईके न्यायिक मजिस्टेट , श्रीमती तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्टरे्ट , सुश्री गार्गी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरीय निकाय के प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य एवं जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय सिवनी में 13 खंडपीठें, व्यवहार न्यायालय लखनादौन में 6, केवलारी में 01 व छपारा में 01 खंडपीठे गठित की जाकर कुल 21 न्यायिक खंडपीठें गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशियेबल इंस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा, नगर पालिका के जलकर से संबंधित प्रकरणों के सहित विद्युत वितरण कम्पनी, समस्त बैंकों के ऋण वसूली मुकदमा पूर्व प्री-लिटिगेशन के प्रकरण इस लोक अदालत में निपटारे हेतु रखे गये।
सिवनी, लखनादौन, केवलारी एवं छपारा में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित कुल 482 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें 371 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इसी प्रकार कुल 1637 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 1530 प्रकरणों का निराकरण हुआ। मोटर दुर्घटना दावा के अन्तर्गत 31 क्लेम प्रकरण निराकृत किये गये जिसमें पक्षकारों को 21248000/- रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई। विद्युत अधिनियम से संबंधित एवं न्यायालय में लंबित 47 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 711543/-रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ तथा विद्युत के 416 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 2406492/- रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। नेशनल लोक अदालत में . 25710926/- रुपए के चेक बाउंस के 61 प्रकरणों का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में 158 आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, 30 वैवाहिक प्रकरणों, 10 सिविल प्रकरणों तथा 29 अन्य प्रकरणों का निराकरण सफलतापूर्वक किया गया। नेशनल लोक अदालत में बैंक वसूली के 897 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें विभिन्न बैंकों को 12261161/- रुपए की राशि प्राप्त हुई। नगरीय निकाय के अन्तर्गत, जलकर कर के 148 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें नगरीय निकायों को लगभग 621762/- रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

## वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वहीं रहने दें : अनुभा मुंजारे

# प्रशासन से बेदखली का नोटिस, 80 परिवार चिंतित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में राजस्व विभाग द्वारा बेदखली नोटिस जारी किए जाने के बाद लगभग 70 से 80 परिवारों में हड़कंप मच गया है। इन परिवारों के आवासों को प्रशासन ने अतिक्रमण बताकर तोड़ने का नोटिस दिया है। रविवार को इन चिंतित परिवारों ने स्थानीय विधायक अनुभा मुंजारे से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई।

ये परिवार नगर के आकाशवाणी के पास दूध डेयरी और पॉवर हाउस के सामने शासकीय जमीन पर निवास कर रहे हैं। परिवारों का कहना है कि वे पिछले 35 से 40 वर्षों से यहां रह रहे हैं। उनका सवाल है कि यदि यह जमीन अतिक्रमण की श्रेणी में आती है, तो उन्हें बिजली और पानी के कनेक्शन कैसे दिए गए।

निवासी बताते हैं कि छोटे बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, अपना काम करें या फिर मकान का इंतजाम करें। महिला चित्रलेखा शेन्द्रे ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद से परिवारों में डर और चिंता का माहौल है।

उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के नोटिस के कारण एक दुकानदार रेखलाल बोरकर को दिल का दौरा पड़ा है, जिनका इलाज नागपुर में चल रहा है। इसी वजह से एक अन्य व्यक्ति अरविंद सिंह गांधी की मौत भी हो गई। परिवारों की मांग है कि प्रशासन बिजली और पानी के साथ-साथ उनके लिए अन्यत्र व्यवस्था करे, तभी वे यहां से विस्थापित होंगे।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि उन्हें इस कार्रवाई की जानकारी नहीं थी। उन्होंने प्रशासन से मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की अपील की। यदि तत्काल जगह की आवश्यकता नहीं है, तो परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वहीं रहने दिया जाए।

## संवैधानिक पद में बैठा गांव का प्रथम नागरिक दिखा रहा दबंगई

# जाम सरपंच सुरेंद्र बलोने ने मासिक बैठक में पंच से की अभद्रता, आरोप

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जाम के सरपंच सुरेंद्र बलोने द्वारा मासिक बैठक में नाली सुधार का खर्च पूछने पर दबंगई दिखाई है और सरपंच पद की गरिमा को ना समझते हुए वार्ड नंबर 19 के पंच से मासिक बैठक में पंचो के सामने अभद्रता की है। अक्षीत लिल्हारे द्वारा मीडिया को बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा नाली सुधार कार्य का किया गया था हिसाब पूछने पर सरपंच ने दबंगई दिखाई और कहा कि मैं हिसाब नहीं देता. तेरे से जो बनता है तू कर ले..मैं इस कुर्सी में खाने के लिए ही बैठा हूं। वार्ड में जनता द्वारा चुने हुए



पंच के प्रति सरपंच सुरेंद्र बलोने का ऐसा व्यवहार ग्राम जाम में चर्चा का विषय है।



### नहीं कराया काम निकाल ली राशि

ग्राम जाम के वार्ड नंबर 19 के पंच ने बताया की नाली सुधार के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में कार्य नहीं कराया गया ग्रामीणों के द्वारा मुझसे पूछा गया यहां तो कार्य नहीं कराया गया और फोटो दिख रही है काम की.. जनता की भावनाओं को लेकर मेरे द्वारा मासिक बैठक में यह बात रखी गई. कि फोटो तो दिख रही है पर नाली सुधार का कार्य नहीं कराया गया है। इस पर सरपंच द्वारा मेरे साथ भरी पंचायत में अभद्रता की गई जिससे मै बहुत आहत हूं. और चाहता हूं कि नाली सुधार के नाम राशि खर्च की गई है उसकी जांच हो।

# नेशनल लोक अदालत ने दो परिवारों को फिर एक बार मिलाया

### न्यायाधीश नेहा बाथरी की समझाइस से दो परिवार के पति-पत्नि एक हुए और खुशी-खुशी पुनः नया जीवन प्रारंभ करने साथ चले

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विभिन्न पक्षकारों के बीच चल रहे मामलों का आपसी समझाईस व समझ बूझ के साथ निराकरण करने के उद्देश्य से शनिवार को व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में आयोजित नेशनल लोक अदालत में दो परिवारों को अपने आपसी मतभेद भुलाकर एक होने का मौका मिला।

नेशनल लोक अदालत में खण्डपीठ क्रमांक 19 की पीठासीन अधिकारी सुश्री नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी के समक्ष घरेलू हिंसा अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरण छमेश्वरी विरुद्ध इतेश में आया। जिसमें उक्त दम्पत्ति वर्ष 2020 से अलग रह रहे थे, जिन्हें पीठासीन अधिकारी सुश्री नेहा बाथरी द्वारा लोक अदालत में समझाईश दी गई। जिस पर दोनों ही पति-पत्नि ने उनकी बातों को समझते हुए अपने आगामी भविष्य के बारे में विचार करने के उपरांत एक साथ रहने का निर्णय लिया और फिर दोनों ही खुशी-खुशी ही एक साथ रहने के लिए चले गए।

सुश्री नेहा बाथरी के समक्ष दूसरा प्रकरण भरण पोषण से संबंधित था। जिसमें शिशुलाबाई विरुद्ध शैलेन्द्र वर्ष 2020 से अलग-अलग रह रहे थे और पत्नि द्वारा भरण पोषण के लिए पति के खिलाफ केस किया गया था। इस मामले में भी पीठासीन अधिकारी सुश्री बाथरी द्वारा दोनों की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें एक साथ रहने की समझाईस देते हुए उनके भविष्य को लेकर उन्हें समझाया। जिस पर दोनों ने ही सुश्री बाथरी की बातों की गंभीरता को समझते हुए आपस में ही एक साथ रहने का फैसला लिया और फिर नेशनल लोक अदालत से दोनों ही पति-पत्नि खुशी खुशी एक दूसरे के साथ रहने के लिए चले गए।

इस प्रकार दोनों दम्पत्तियों ने पीठासीन अधिकारी सुश्री बाथरी की समझाईश के बाद साथ में रहना तय किया और एक बार पुनः दोनों दम्पत्ति ने अपने वैवाहिक जीवन को नए सिरे से शुरू कर एक साथ रहने राजी होकर अपने-अपने घर को प्रस्थान किया।

# अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा अंतर्गत किया गया बाघ आकलन कार्य

हरिभूमि न्यूज उकवा।





मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एवं वनमंडलाधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य के निर्देशन में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य अंतर्गत सम्पन्न हुआ अखिल भारतीय बाघ आकलन। इस वर्ष दिनांक 02 दिसंबर से 04 दिसंबर तक मांसाहारी वन्यप्राणी एवं बड़े शाकाहारी वन्यप्राणी के साक्ष्यों का संग्रहण किया गया जिसमें परिक्षेत्र अंतर्गत बाघ, तेंदूआ, भालू के विष्ठा, पगमार्क, स्क्रैच, खुदाई भारी मात्रा में देखी गई इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि वनों में वन्यप्राणी की उपस्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही दिनांक 12 से 14 दिसंबर तक शाकाहारी जानवरों की पहचान किया गया परिक्षेत्र अंतर्गत नीलगाय, सांभर, चीतल, बंदर, खरहा, लंगूर, जंगली सूअर आदि जानवरों की उपलब्धता पाई गई, वन क्षेत्र वन्यप्राणी से भरपूर है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डिजिटल और ऐप-आधारित सर्वेक्षण किया गया इसके लिए पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ 'एम-स्ट्राइप्स इकोलॉजिकल ऐप' (M-Stripes Ecological App) और कैमरा ट्रैप तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे डेटा संग्रह अधिक सटीक और पारदर्शी हो सके।प्रशिक्षण सत्रः वन विभाग के कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और रेंज अधिकारियों को इस वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वेक्षण का उद्देश्य न केवल मांसाहारी जीवों की संख्या का पता लगाना है, बल्कि उनके शिकार (prey base) की उपलब्धता और समग्र वनस्पति का भी अध्ययन करना है, ताकि बेहतर संरक्षण योजनाएँ बनाई जा सकें।

# 16 से 23 दिसंबर तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**खेलो इंडिया–फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी की पहल पर सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत बालाघाट लोकसभा क्षेत्र में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 16 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक विभिन्न खेलों के माध्यम से किया जाएगा।**

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, कुश्ती, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, कराते, एथलेटिक्स (100, 200, 1500 मीटर दौड़, शॉटपुट) एवं रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं 16 एवं 17 दिसंबर को क्रमशः मुलना स्टेडियम फुटबॉल मैदान एवं पुलिस लाइन वॉलीबॉल मैदान, बालाघाट में होंगी। शतरंज प्रतियोगिता 16 दिसंबर को मुलना स्टेडियम कराते हॉल में आयोजित की जाएगी। कुश्ती प्रतियोगिता 17 दिसंबर को मिनी स्टेडियम बरघाट, जिला सिवनी में संपन्न होगी।

हॉकी, बैडमिंटन एवं कबड्डी प्रतियोगिताएं 22 एवं 23 दिसंबर को मुलना स्टेडियम परिसर, बालाघाट में आयोजित की जाएंगी। कराते प्रतियोगिता 22 दिसंबर को तथा दौड़ एवं रस्साकशी प्रतियोगिताएं 23 दिसंबर को मुलना स्टेडियम परिसर में होंगी। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा स्वस्थ और सशक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाना है। आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की सहभागिता अपेक्षित है।

# विधायक गौरव पारधी ने ग्राम सांवरी, सादाबोड़ी व हरदोली में विकास कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कटंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांवरी, सादाबोड़ी एवं हरदोली में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु सभा मंच निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्राम सांवरी के शीतलगढ़ शिव मंदिर परिसर के समीप आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। तीनों गांवों में सभा मंच निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी।

**ग्रामीण विकास को लेकर विधायक पारधी का संकल्प**

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सभा मंच जैसे कार्य गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा रखी गई सभी मांगों को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान किया जाएगा। जनता के विश्वास और सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

### तीनों ग्रामों के लिए उपयोगी साबित होगा सभा मंच

सभा मंच निर्माण से ग्राम सांवरी, सादाबोड़ी और हरदोली में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों को एक स्थायी मंच मिलेगा। इन गांवों में अब बैठकों, कार्यक्रमों और सामूहिक आयोजनों के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण सहभागिता बढ़ेगी और गांव की सामाजिक एकता को मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल को गांवों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती कविता देशमुख, ग्राम सांवरी के सरपंच खेमराज पटले, ग्राम सादाबोड़ी के सरपंच जितेंद्र नेवारे, ग्राम हरदोली की सरपंच रतनमाला मिर्चुले, मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, जनपद सदस्य नेगेंद्र चौहान के साथ ग्राम सांवरी से उपसरपंच श्रीमती कृष्णा राजू पटले एवं चिरंजन रहांगडाले, ग्राम सादाबोड़ी से प्रेमचंद रावत व सहायक सचिव संजय गौतम तथा ग्राम हरदोली से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश सोनवाने, सामाजिक कार्यकर्ता जय रंजन बिंजोड़े ग्रामों के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एक बगिया मां के नाम योजना में कोई गड़बड़ी नहीं, हितग्राही महिला के खाते में ही हो रहा भुगतान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। जनपद पंचायत परसवाड़ा के सहायक यंत्री श्री आर एस चक्रवर्ती ने एक बगिया मां के नाम योजना में गड़बड़ी किए जाने संबंधी प्रकाशित समाचार पर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य गांव की स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

सहायक यंत्री ने स्पष्ट किया कि योजना के अंतर्गत मटेरियल एवं लेबर की सम्पूर्ण राशि सीधे हितग्राही महिला अथवा उसके परिवार के बैंक खाते में जमा की जा रही है। योजना में मटेरियल भुगतान के लिए महिला हितग्राही के बैंक खाते में राशि जमा करने का स्पष्ट प्रावधान है, जिसका पूरी तरह पालन किया जा रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की धांधली या गड़बड़ी की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने बताया कि योजना का क्रियान्वयन प्राक्कलन के अनुसार ही किया जा रहा है तथा कार्यों की समय-समय पर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। कुछ हितग्राहियों द्वारा अज्ञानतावश बगिया की सुरक्षा हेतु बिना मापदंड के पोल लगवा दिए गए हैं, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

इस संबंध में संबंधित पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मानक प्राक्कलन के अनुसार ही मटेरियल की खरीद एवं उपयोग सुनिश्चित कराएं। साथ ही हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे किसी अन्य व्यक्ति के बहकावे में न आएं और योजना का कार्य मजबूती एवं नियमों के अनुरूप पूर्ण कराएं।

### शिवसांई मंदिर में वार्षिकोत्सव पर अभिषेक, पूजन

**बालाघाट।** बालाघाट में श्री शिव सांई मंदिर का तीन दिवसीय 20वां वार्षिक उत्सव रविवार को पूरा हो गया। इस अवसर पर श्री सांई बाबा का अभिषेक, पूजन, महाआरती और महाप्रसाद वितरण किया गया। श्री सांई बाबा की प्रतिमा स्थापना की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह उत्सव 12 दिसंबर से श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया था। तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्सव के पहले दिन, 12 दिसंबर शुक्रवार को देर शाम श्री सांई बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बेटियां और महिलाओं ने 108 कलश लेकर मंदिर से नगर के महावीर चौक, मेन रोड, राजघाट चौक, काली पुतली चौक, आम्बेडकर चौक, गोंदिया रोड, हनुमान चौक, मेन रोड होते हुए सुभाष चौक से पुनः महावीर चौक से होकर मंदिर तक यात्रा की। उत्सव के दूसरे दिन, 13 दिसंबर शनिवार को सुबह 5 बजे श्री सांई बाबा की काकड़ आरती हुई। इसके बाद 7 बजे अभिषेक किया गया। 8 बजे से मंदिर परिसर में बने पूजन मंडप में शिर्डी के विद्वान पुरोहितों ने पूरे वैदिक विधि-विधान से पूजन और हवन संपन्न कराया।

## मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिलने से दशरथ के जीवन की दशा और दिशा बदली

# दशरथ के लिए दिव्यांगता बाधा नहीं, आत्मनिर्भरता की पहचान बन गई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम देवरी (ठे), ग्राम पंचायत भण्डारपुर के निवासी दशरथ सिंह नेताम (52 वर्ष) आज आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की प्रेरणादायक मिसाल हैं। अनुसूचित जनजाति (गोंड) समुदाय से आने वाले दशरथ सिंह नेताम शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, लेकिन उनके हौसले और संघर्ष ने कभी उन्हें परिस्थितियों के आगे झुकने नहीं दिया।

सीमित शिक्षा और शारीरिक चुनौती के कारण जीवन की राह उनके लिए आसान नहीं रही। कक्षा तीसरी तक ही पढ़ाई कर पाने वाले दशरथ सिंह नेताम, बीपीएल कार्डधारी हैं और वर्षों तक आर्थिक तंगी से जूझते रहे। रोजगार के सीमित अवसर और आवागमन की कठिनाइयों ने उनके संघर्ष को और कठिन बना दिया था।

लेकिन जीवन में परिवर्तन की शुरुआत तब हुई जब शासन द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान की गई। यह केवल एक साधन नहीं, बल्कि उनके लिए आत्मनिर्भरता की चाबी साबित हुई। अब वे स्वयं बाजार जाकर ऑटो पार्ट्स और साइकिल का सामान लाते हैं और अपनी पंक्चर दुकान का संचालन पूरे आत्मविश्वास के साथ करते हैं। इस छोटे से व्यवसाय से उन्हें प्रतिदिन 200 से 300 रुपये की नियमित आय हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने उनके जीवन को और मजबूती दी है। निःशक्त पेंशन योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 600 रुपये की पेंशन सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से हर माह 35 किलोग्राम राशन मिलने से परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। वहीं, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में भी कमी आई है।

आर्थिक सशक्तिकरण का सकारात्मक प्रभाव उनकी सामाजिक स्थिति में भी साफ



झलकता है। स्वयं का व्यवसाय करने से समाज में उनका मान-सम्मान बढ़ा है। वे आज न केवल पंक्चर की दुकान चला रहे हैं, बल्कि कृषि कार्य भी आत्मविश्वास के साथ स्वयं कर रहे हैं।

दशरथ सिंह नेताम शिक्षा के महत्व को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने अपने बेटे को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया है, जो वर्तमान में कक्षा 9 में अध्ययनरत है। उनका मानना है कि शिक्षा ही आने वाली पीढ़ी के लिए सशक्त भविष्य की नींव रखती है।

दशरथ सिंह नेताम भावुक होते हुए कहते हैं, "शासन की योजनाओं और सहयोग से मुझे केवल चलने का साधन ही नहीं मिला, बल्कि आत्मसम्मान के साथ जीने का अवसर भी मिला है।"

दशरथ की यह कहानी बताती है कि सही समय पर मिला सहयोग, इच्छाशक्ति और परिश्रम के साथ मिलकर किसी भी चुनौती को अवसर में बदल सकता है। वे आज न केवल अपने परिवार का सहारा हैं, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बन चुके हैं।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की सफल कहानियाँ अब डॉक्यूमेंट्री के रूप में

# बालाघाट जिले के नवाचार राज्य स्तर पर होंगे प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बालाघाट जिले में किए जा रहे नवाचारों एवं सफल क्रियान्वयन की कहानियों को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। इस डॉक्यूमेंट्री का शूटिंग कार्य हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री का फिल्मांकन प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस 'द टेली प्रिंटर' की टीम द्वारा किया गया। टीम ने बालाघाट जिला मुख्यालय के साथ-साथ बैहर विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में पहुँचकर विभिन्न गतिविधियों और सेवाओं क विस्तृत रूप से फिल्मांकन किया।

फिल्मांकन के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत काउंसलर्स द्वारा किशोर-किशोरियों को दी जा रही काउंसलिंग प्रक्रिया को रिकॉर्ड किया गया। इसमें यह दर्शाया गया कि किस प्रकार यह कार्यक्रम किोरों की शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं के समाधान में प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

इसके साथ ही उमंग स्वास्थ्य केंद्र में किशोरों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं वहाँ प्राप्त सकारात्मक परिणामों को भी डॉक्यूमेंट्री में प्रमुखता से शामिल किया गया है। उमंग केंद्र किशोर स्वास्थ्य संवर्धन में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, इसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

डॉक्यूमेंट्री में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) द्वारा संचालित



विशेष स्वास्थ्य सेवाओं एवं नवाचारों को भी दर्शाया गया है। साथ ही कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मेडिकल परीक्षण शिविर के दौरान संचालित गतिविधियों का भी फिल्मांकन किया गया।

इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बालाघाट जिले के किशोर स्वास्थ्य मॉडल, नवाचारों एवं लक्षित प्रयासों को राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे अन्य जिलों को प्रेरणा मिलेगी और कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण में विशेष योगदान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महाविद्यालय का रहा है। इसमें पी.एम. श्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट एवं पी.एम. श्री शासकीय नवीन कन्या बूढ़ी स्कूल, बालाघाट सम्मिलित रहे हैं।